## सार-समाचार

### यूटीबी कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजकीय मेडिकल कॉलेज डूंगरपुर में कार्यरत यूटीबी कर्मचारियो द्वारा शुक्रवार प्रात: 9 बजे से श्रीहरिदेव जोशी सामान्य चिकित्सालय से कार्यालय जिला कलेक्टर डूंगरपुर तक मौन रैली निकाली गई जिसमे 37 पुरूष एवं महिला कर्मचारियों ने पैदल रैली निकाल कर जिला कलक्टर कार्यालय पहुंच कर जिला कलक्टर को चिकित्सा मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि कर्मचारियों फ्रंट लाईन वर्करों ने कोरोना महामारी में सरकार की समस्त स्वास्थ्यकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु मरीजों की भयावय स्थिति में भी अपनी जान की परवाह किये बिना पूर्ण निष्ठा से सेवाये दी। उस भीषण महामारी में भी हम सरकार के साथ डटें रहें। पूर्व राजस्थान सरकार द्वारा असथाई कर्मचारियो को स्थाई करने के लिए राजस्थान कान्ट्रेक्टचुअल हायरिंग-टू-सिविल पोस्ट नियम 2022 लाये गये,परन्तु आज तक राजस्थान मेडिकल एज्युकेशन सोसायटी चुरू राजमेस, उपक्रम राजस्थान सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेजों डूंगरपुर, बाडमेर, भरतपुर, भीलवाडा, चूरू,पाली, सीकर मे विगत वर्ष 2018 से आवश्यक अस्थाई आधार यूटीबी पर नियूक्त नियमित पदों के विरूद्ध लोक विज्ञप्ति के माध्यम से वित्त विभाग राजस्थान सरकार एवं राजमेस द्वारा अनुमोदित पदों पर नर्सिंग पदों के अलावा भी से वंचित रखा गया। समस्त महाविद्यालयों में लगे यूटीबी कर्मचारियों की मांग है कि सरकार हमें राजस्थान कान्ट्रेक्टचुअल हायरिंग-टू-सिविल पोस्ट नियम-2022 की शामिल करवाकर आरएएस 1/3 नियम से रकुटनी करवाकर नियमितीकरण की प्रक्रिया अतिशिध अपनाये। यदि सरकार हमारी मांगों पर कोई निर्णय नहीं लेती है तो अखिल राजस्थान मेडिकल कॉलेज यूटीबी कार्मिक संघ द्वारा राज्य स्तर पर विरोध एवं धरना प्रदर्शन किया जायेंगा।

### सेमिनार का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** भूपाल नोबल्स विवि के बी.एन.इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज,द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार से अनुदानित सेमिनार का आयोजन किया गया। एमपावरिंग फार्मा विद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन्नोवेशन, चैलेंज एंड फ्यूचर डायरेक्शंस विषयक सेमिनार के मुख्य अतिथि डॉ.विपिन माथुर, प्रिंसिपल, रविंद्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज, उदयपुर ने कहा कि दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस( एआई) के आधार पर ग्लोबल हेल्थ सिस्टम में नवाचार हो रहे हैं इसी क्रम में भारतीय फार्मेसी सेक्टर मे एआई का समावेश कर अधिक से अधिक काम करने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि एआई की मदद से फार्मेसी क्षेत्र में अपार संभावना है। शुभारंभ बीएनआईपीऐस के प्राचार्य डॉ. चेतन सिंह चौहान के स्वागत भाषण से हुआ। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष कर्नल प्रो शिव सिंह सारंगदेवोत और सचिव डॉ. महेंद्र सिंह आगरिया ने एआई के विभिन्न उपयोगों के बारे में उज्जवल और श्याह दोनों पक्षों पर प्रकाश डाला। सचिव डॉ. मीनाक्षी भरकतिया ने सेमिनार की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रथम व्याख्यान में एल.एम. कॉलेज आफ फार्मेसी, अहमदाबाद के डॉ. केतन रांच ने दवाओ के निर्माण एवं विकास में एआई के समायोजन पर बताया कि अलग-अलग टूल्स का उपयोग कम से कम समय में दवाओ को अधिक कारगर बनाने के लिए किस प्रकार किया जा सकता है तथा एआई की मदद से दवाओं व्यक्ति विशेष के लिए डिजाइन किया जा सकता है। द्वितीय व्याख्यान में औत्सुका फार्मास्यूटिकल लिमिटेड, अहमदाबाद के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कश्यप नगरिया ने उनके द्वारा एआई की मदद से विकसित विभिन्न टूल्स जैस ड्रग्बैंक.कॉम, फार्म ईसडी, पबकेमऔर फॉर्मूलेशनएआई के उपयोग के बारे में समझाया।

### दिव्येश कुमार उदयपुर आएंगे

**उदयपुर, (कासं)।** दंडवत परिक्रमा में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले और पखावज वादन में अल्पायु में ही निपुण वैष्णवाचार्य दिव्येशकुमार महाराज ( इंदौर-नाथद्वारा) शनिवार को सुबह इंदौर से रेल द्वारा उदयपुर पहुंचेंगे। पारीख समाज के अध्यक्ष जयंतीलाल पारीख ने बताया कि दिव्येशकुमार सुबह 4 बजे उदयपुर पहुंचेंगे जहां सिटी रेलवे स्टेशन पर सैंकडों वैष्णवजनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। महाराज वहां से सीधे नाथद्वारा प्रस्थान करेंगे, जहां श्रीजी के दर्शन करेंगे। वहां से दोपहर को उदयपुर आएंगे। यहां श्रीजी भवन सेक्टर 14 में उनका प्रवास रहेगा। पारीख ने बताया कि दिव्येशकुमार ऐसे प्रथम वल्लभाकुल आचार्य हैं जिन्होंने 2015 में सबसे कम आयु में हजारों वैष्णवों के साथ ब्रज चौरासी कोस की ऐतिहासिक यात्रा की तथा 2018 में 1100 वैष्णवों को साथ लेकर श्रीगिरिराजजी की दण्डवती परिक्रमा की। इसमें 584 वैष्णवों ने महाराजश्री के साथ दण्डवती परिक्रमा कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जिसे वर्ड बुक ऑफ रिकॉड्स, लंदन द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया । पारीख ने बताया कि श्री विशानागर वणिक (पारख) समाज द्वारा 11 से 13 जनवरी तक जगतगुरु श्रीमद् वल्लभाचार्य महाप्रभु विरचित श्री गिरिराज धार्याष्टकम् गुणगान महोत्सव उदयपुर के राजस्थान महिला विद्यालय में शाम साढे 5 से साढे 8 बजे तक आयोजित होगा। शनिवार शाम को श्रीनाथजी मंदिर उदयपुर में पालना एवं राजभोग में मनोरथ होंगे।

### टीम रवाना

**उदयपुर, (कासं)।** कोटा में 11 से 15 जनवरी तक होने वाली 34 वीं राजस्थान राज्य सब जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली उदयपुर टीम की घोषणा करते हुए, जिला कबड्डी संघ उदयपुर के सचिव मुकेश जैन ने बताया कि बालक वर्ग का नेतृत्व हिमेश गुर्जर करेंगे , वहीं बालिका वर्ग का नेतृत्व लक्षिता मेहता करेगी।

## विकसित भारत के सपने को पूरा करने का आव्हान

- **टीएडी मंत्री खराडी ने करावाडा एवं हडमतिया ग्राम पंचायत भवन का किया लोकार्पण**
- **गरीब को गणेश मानकर करेंगे सेवा : टीएडी मंत्री खराडी**

**डूंगरपुर, (निसं)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराडी ने कहा कि गरीब को गणेश मानकर सेवा करने आए हैं और इसके लिए राज्य सरकार हर वर्ग के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है।

उन्होंने यह बात शुक्रवार को करावाडा ग्राम पंचायत भवन एवं हडमतिया ग्राम पंचायत भवन के लोकार्पण अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि सरकार महिला, युवा, किसान एवं गरीब प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही एवं विगत एक वर्ष में ही राज्य सरकार ने किसान सम्मान निधि सहयोग राशि में बढोतरी, बीपीएल वर्ग के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में कमी, युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएं है, राइजिंग राजस्थान के माध्यम से उद्योगों एवं रोजगार को बढावा देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लेकर विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के अभाव अभियोगों को दूर करने की अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाजसेवी हरीश पाटीदार ने कहा कि भारत सरकार तथा राज्य सरकार हर वर्ग के विकास के लिए तत्पर है और इसके लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विकसित भारत के सपने को पूरा करने में आमजन को भी पूर्ण मनोयोग से सहभागिता निभाने का आहवान किया।

इस अवसर पर जिला प्रमुख सूर्या देवी अहरी ने कहां कि सरकार ने महिलाओं को आगे बढाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं । उन्होंने जनधन योजना, स्वच्छता अभियान सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जिला परिषद के माध्यम से ग्राम पंचायतों में नियमानुसार विकास का हर संभव कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान सीमलवाडा कारीलाल ननोमा ने उपखंड क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही विकास कार्यों में आने वाली तकनीकी समस्याओं से भी अवगत कराते हुए टीएडी मंत्री से समाधान का अनुरोध किया। कार्यक्रम में हरिप्रसाद पाटीदार ने क्षेत्र में प्राथमिकता से विकास हेतु किए जाने वाले कार्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाजसेवी सूरजमल ने स्वागत भाषण से सभी अतिथियों का अभिनंदन किया।

इससे पूर्व अतिथियों का परंपरागत तरीके से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों के नन्हें बच्चों एवं बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रमों के दौरान सरपंच करावाडा बडी देवी खराडी, उपसरपंच ललित, सरपंच हडमतिया इंदिरा विहात, उप सरपंच कालूराम अहारी, सरपंच पोहरी खातुरात हरीश, सरपंच भीमराज, सरपंच बिहारीलाल, समाजसेवी लीलाराम गमेती, माधव दादा, शिवलाल डामोर, शंकरलाल रोत, कांतिलाल जोशी, महावीर ननोमा, दीनदयालसिंह चौहान, करण लबाना, गोविंद, बंशीलाल, प्रवीण रोत, नरेश ननोमा, पोपटलाल सहित वार्ड पंच, जिला परिषद सदस्य एवं गणमान्य जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी पहुंची उदयपुर

**उदयपुर, (कासं)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी तीन दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार शाम उदयपुर पहुंची। वे यहां महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित चिन्तन शिविर में भाग ले रही हैं।

उप मुख्यमंत्री शुक्रवार शाम करीब 5 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंची। वहां अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने उनकी अगवानी की। इसके पश्चात वे सड़क मार्ग से डीपीएस ग्राउण्ड पहुंची। वहां उन्होंने लघु उद्योग भारती उदयपुर की ओर से आयोजित 11वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री देर शाम फतहसागर झील के किनारे स्थित होटल रेडिसन ब्ल्यू पैलेस पहुंची। वहां महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्यमंत्री श्रीमती मंजू बाघमार, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव महेंद्र सोनी, निदेशक ओपी बुनकर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया। शनिवार को होने वाले आयोजन की तैयारियों और इस आयोजन के लिए पहुंचीं केंन्द्र सरकार व राज्य सरकार की मंत्रियों और अन्य अतिथियों के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली।

## ग्रीन एनर्जी पार्क व लेब का उद्घाटन

**उदयपुर, (कासं)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के संगटक कॉलेज प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय सीटीएई के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी पार्क एवं ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी लेब का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन माननीय कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार कर्नाटक साहब के कर कमलो द्वारा किया गया।

कुलपति महोदय ने बताया कि सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा में राजस्थान सिरमोर है, इन दोनों ऊर्जाओं पर आधारित सयंत्रो का उपयोग कर हरित ऊर्जा की तरफ बढ सकते हैं। विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विक्रमादित्य दवे ने बताया कि ठीन एनर्जी टेक्नोलॉजी पार्क में छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट में विभिन्न संयंत्र को स्थापित किया गया है जिनमें सोलर आधारित- पीवी थर्मल आरओ, डिशटिल वॉटर प्लाट, ठीन हाउस, पीवी थर्मल ड्रायर, सीसीटीवी केमरा, साइकिल, स्प्रेयर आदि संयत्र का कुलपति महोदय ने अवलोकन किया। वहीं दूसरी और ठीन टेक्नोलॉजी लेब में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं के सोलर एवं पवन ऊर्जा संबंधित संयंत्रों को स्थापित किया गया है। लैब को तीन भागों में बांटा गया है हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और टेस्टिंग सिस्टम। इस अवसर पर डॉ. कर्नाटक ने स्वयं एनपीटीईएल लोकल चेप्टर की शुरूवात की नई शिक्षा नीति के अनुसार इस पोर्टल के माध्यम पर 4,8 या 12 सप्ताह के एकेडमिक एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रम ऑनलाईन उपलब्ध है। कार्यक्रम में डायरेक्टर प्लानिंग एंड मॉनिटरिंग प्रो. सुनील जोशी, पी.आर.ओ. प्रो. लतिका व्यास, प्रो. जयकुमार मेहरचंदानी, प्रो. नवीन जैन आदि उपस्थित थे।

## वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

**राजसमंद, (निसं)।** राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 2025 परवाह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इस पहल के तहत सडक सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को जिला परिवहन अधिकारी डॉ कल्पना शर्मा ने मोही ग्रामीण क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत दुपहिया और चौपहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के साथ-साथ वाहन चालकों को सीट बेल्ट पहनने और हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सडक सुरक्षा जागरूकता के पेम्पलेट भी वितरित किए गए। अभियान में लगभग 125 दुपहिया वाहनों, 26 ट्रैक्टरों, 12 ऑटो और अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। डीटीओ डॉ शर्मा ने उन वाहन चालकों को समझाया जिन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग नहीं किया था।

## कांग्रेसियों की बैठक आयोजित

**भीण्डर, (निसं)।** वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ,समस्त पंचायत समिति सदस्य, समस्त सरपंच, वार्ड पंच, जिला, ब्लॉक, मंडल, ईकाई के अध्यक्ष व पदाधिकारीगण, सभी युथ कांग्रेस के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं की बैठक शक्तावत फार्म हाउस भीण्डर में पूर्व वल्लभनगर विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई।बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने कहा पूर्व विधायक गजेंद्र सिंह शक्तावत के कार्य एवं उनके साथ किये गये कार्य का अनुभव साझा करते हुए उनके व्यक्तित्व के बारे में जानकारी दी।बैठक में सभी ने 20 जनवरी 2025 को प्रेरणास्त्रोत कीर्तिशेष गजेंद्र सिंह शक्तावत की पुण्य तिथि पर आयोजित होने वाले श्रद्धांजली क्रार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई। इस दौरान बैठक में कार्यकर्ताओं को पूर्व विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत ने करते हुए कांठोस पार्टी की कार्ययोजना बताते हुए संगठन को मजबूत करने की बात कही।

## जिला कलक्टर सिंह ने सुनी परिवेदनाए

- **नन्हे बच्चों के खेल मैदान बनवाने की मनुहार पर कलक्टर ने कहा जरूर बनवायेंगे खेल मैदान**

**डूंगरपुर, (निसं)।** नन्हे मुन्ने बच्चें जब बिना किसी लिखित प्रार्थना पत्र के यूं ही सीधे दौडकर जिला कलक्टर के पास पहुंचे और बिना हिचक के जिला कलक्टर से कहा कि कलक्टर साहब हम बच्चों के खेलने का मैदान बनवा दो तो उनके इस मासूमियत भरें अंदाज से प्रभावित होकर जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने भी पूरे अपनेपन के साथ उनसे बातचीत करते हुए कहा कि खेल मैदान जरूर बनेंगा और तत्काल तहसीलदार को खेल मैदान बनवाने हेतु आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।

यह नजारा नजर आया डूंगरपुर जिला मुख्यालय से दूरस्थ ग्राम पंचायत खुदरडा पंचायत समिति आसपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को आयोजित रात्रि चौपाल में। जहां पर बडी संख्या में ग्रामवासियों के साथ ही पूरे उत्साह के साथ बच्चों ने भी भाग लिया। चौपाल में जब कलक्टर एक-एक कर परिवादियों से परिवेदना सुनकर उसके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी लेते हुए निस्तारण के निर्देश दे रहे थे। इसी बीच नन्हें बच्चों का एक समूह लगभग दौडकर जिला कलक्टर के पास पहुंचा और खेल मैदान बनवाने की बात कही। जिला कलक्टर ने उन बच्चों के साथ बच्चे बनकर संवाद करते हुए पूछा कि कौन सा खेल खेलते हो। इस पर अधिकांश बच्चों ने क्रिकेट खेलने की बात कही। जिला कलक्टर ने पूछा कि कौन.कौन बल्लेबाजी करता है तथा गैंदबाजी कौन-कौन करता है। अधिकांश बच्चों ने दोनों ही बार हाथ उठाकर जानकारी दी।

## दो दिवसीय चिंतन शिविर आज से

- **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और सावित्री ठाकुर पहुंची उदयपुर**
- **सीएम भजनलाल आएंगे आज आएंगे उदयपुर**

**उदयपुर, (कासं)।** महिला एव बाल विकास मंत्रालय तथा राजस्थान सरकार के तत्वावधान में तीन दिवसीय चिन्तन शिविर में शामिल होने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास केन्द्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर शुक्रवार को दोपहर बाद उदयपुर पहुंचे। इस कार्यक्रम में शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे।

महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास एवं कल्याण से जुडी चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर होने वाले इस शिविर में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सावित्री ठाकुर और राजस्थान की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार यहां होटल रेडिसन ब्लू में पहुंचे। जहाँ पर इनका महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी सहित अन्य अधिकारियों ने मेवाडी पाग, उपरना पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। पहले दिन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की जा रही है।शनिवार सुबह 9.30 बज शिविर का शुभारंभ समारोह होगा। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इसका उद्घाटन करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास विभागों के मंत्री शामिल होंगे।चिन्तन शिविर में महिलाओं और बच्चों के समेकित विकास और कल्याण से जुडे बिन्दुओं पर राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा होगी। कार्यक्रम में मंत्रालय की प्रमुख पहलों पर ध्यान केंद्रित करने वाले कई महत्वपूर्ण सत्रों में मिशन वात्सल्य, मिशन शक्ति और मिशन सक्षम आंगनवाडी और पोषण 2.0 पर मंथन किया जाएगा।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार सुबह जयपुर से विशेष विमान से डबोक एयरपोर्ट आएंगे। वे सडक मार्ग से होटल रेडिसन ब्लू पहुंचेंगे जहां पर इस शिविर में शिरकत करेंगे।

---

### कार्यालय नगर पालिका मावली, जिला उदयपुर ( राज. )

क्रमांक:-न.पा.मा./90-ए/2024-25/ **-: लोक-सूचना :-** दिनांक :-...............

श्रीमती मोहन देवी सुथार पत्नी श्री रोशन लाल जी सुथार निवासी-विशनपुरा, तहसील-मावली, जिला-उदयपुर (राज.) ने इस कार्यालय में नीच उल्लेखितभूमि का गैर-कृषिक(व्यावसीयक) प्रयोजन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| मावली, उदयपुर | राजस्व ग्राम मावली | खसरा संख्या 4871/2291 में 0.0272 हैक्टेयर | 2927.36 वर्गफीट यानि 325.26 वर्गगज यानि 272.06 वर्गमीटर |
| | | कुल किता-1 | |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-ए और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले को निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज ................ को जारी की गयी।

**अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, मावली**

---

### कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द ( राज. )

क्रमांक/न.पा.नाथ/तामीर/2025/15285 दिनांक : 09/01/2025

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है किनिम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/ भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुतकिया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पडौस पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सौरभ जैन पिता श्री सुरेशचन्द्र जैन | धारचा से भलावतो का खेडा नाथद्वारा भूखण्ड सं.37 | भूखण्ड सं. 26 | आम रास्ता 30 फिट | भूखण्ड सं. 38 | भूखण्ड सं. 36 |
| 2 | श्री सौरभ जैन पिता श्री सुरेशचन्द्र जैन | धारचा से भलावतो का खेडा नाथद्वारा भूखण्ड सं.38 | भूखण्ड सं. 25 | आम रास्ता 30 फिट | भूखण्ड सं.39 | भूखण्ड सं. 37 |
| 3 | श्री सौरभ जैन पिता श्री सुरेशचन्द्र जैन | धारचा से भलावतो का खेडा नाथद्वारा भूखण्ड सं.39 | भूखण्ड सं. 24 | आम रास्ता 30 फिट | भूखण्ड सं.40 | भूखण्ड सं. 38 |
| 4 | श्री सौरभ जैन पिता श्री सुरेशचन्द्र जैन | धारचा से भलावतो का खेडा नाथद्वारा भूखण्ड सं.40 | भूखण्ड सं. 23 | आम रास्ता 30 फिट | भूखण्ड सं.41 | भूखण्ड सं. 39 |
| 5 | श्री मनन जैन पिता श्री निर्मल जैन | धारचा से भलावतो का खेडा नाथद्वारा भूखण्ड सं.41 | भूखण्ड सं. 22 | आम रास्ता 30 फिट | भूखण्ड सं.42 | भूखण्ड सं. 40 |
| 6 | श्री मनन जैन पिता श्री निर्मल जैन | धारचा से भलावतो का खेडा नाथद्वारा भूखण्ड सं.42 | भूखण्ड सं. 21 | आम रास्ता 30 फिट | भूखण्ड सं.43 | भूखण्ड सं. 41 |

**आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा**

---

### कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, ''स''श्रैणी बेगूँ (चित्तौड़गढ़)

दूरभाष कार्यालय – 1474– 230112 E- Mail – KUMS.begu@rajasthan.gov.in

कमांक/आवंटन/ 2024–25/393–405 दिनांक :– 09.01.2025

**विज्ञप्ति**

इस कार्यालय के विज्ञप्ति कमांक 406–14 दिनांक 30.11.2022 से कृषि उपज मण्डी समिति, बेगूँ के मुख्य मण्डी प्रंगाण में ले–आउट में चिन्हित व रिक्त भूखण्डों को "अचल सम्पत्ति आंवटन नीति 2005" के प्रावधानान्तर्गत आवंटन हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति के क्रम में आवेदक अनुज्ञापत्रधारियों के आवेदन पत्रो की कार्यालय द्वारा जांच उपरान्त निम्नानुसार पात्र/अपात्र आवेदकों की सूची जारी की जाती है एवं उक्त सूचियों के संबंध आपत्ति दिनांक 24.01.2025 को सायं 04.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

अचल संपति आवंटन नीति के बिन्दु संख्या 7(1)(1) के तहत 2010 से पूर्व के ऐसे अनुज्ञापत्रधारी जो मार्च 2010 से लगातार व्यवसायरत है उन्हे सर्वप्रथम आवंटन किया जाऐगा

**(अ) प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच के उपरान्त बिन्दु सख्या 7(1)(1) के तहत 2010 से अब तक निरन्तर व्यवसायरत फर्मो के पात्र आवेदकों की सूची निम्नानुसार है :–**

| क्र.सं. | फर्म का नाम व पता | पात्रता |
|---|---|---|
| 1 | मैसर्स कावड़िया ब्रदर्स, बेगूँ | बिन्दु संख्या 7(1)(1) के तहत निर्धारित आरक्षित दर पर भूखण्ड आवंटन हेतु पात्र |

(ब) प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच के उपरान्त बिन्दु सख्या 7(1)(2) के तहत 3 वित्तिय वर्षो से अब तक निरन्तर व्यवसायरत फर्मो के पात्र आवेदकों की सूची निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | फर्म का नाम व पता | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | मैसर्स ऋषभ ट्रेडिंग कम्पनी, बेगूँ | बिन्दु संख्या 7(1)(2) के तहत विज्ञप्ति जारी होने के ठीक पूर्व के तीन वित्तीय वर्षो में निरंतर व्यवसायरत होने से द्वितीय चरण हेतु निर्धारित आरक्षित दर की डेढ गुणा दर पर आवंटन हेतु पात्र पाए गये है। |
| 2 | मैसर्स बंसल ट्रेडिंग कम्पनी, बेगूँ | |
| 3 | मैसर्स अनिलकुमार मनोजकुमार जैन, बेगूँ | |
| 4 | मैसर्स यश ट्रेडर्स, बेगूँ | |
| 5 | मैसर्स समृद्वि एन्टरप्राइजेज , बेगूँ | |
| 6 | मैसर्स सरावगी ट्रेडर्स, बेगूँ | |

(स) विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के तीन वित्तीय वर्षो में निरंतर व्यवसायरत ना होने के कारण बिन्दु संख्या 7(1) (3) के तहत पात्र की सूची निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | फर्म का नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | मैसर्स लाभ ट्रेडिंग कम्पनी,बेगूँ | बिन्दु संख्या 7(1)(3) के तहत 7(1)(1) एवं 7(1)(2) के समस्त पात्र अनुज्ञापत्रधारियों को आवंटन के पश्चात दुकान/भूखण्ड रिक्त रहने की दशा में आरक्षित दर की दुगुनी राशि पर द्वितीय चरण के तहत भूखण्ड आवंटन हेतु पात्र पाए है। |
| 2. | मैसर्स सोनू अभिनव ब्रदर्स, बेगूँ | |
| 3. | मैसर्स दिलीपकुमार कमलकुमार, चेची | |
| 4. | मैसर्स मोहन लाल महावीर कुमार जैन | |
| 5. | मैसर्स दीपक सीड्स,बेगूँ | |
| 6. | मैसर्स गणपति ट्रेडिंग कम्पनी,नन्दवाई | |
| 7. | मैसर्स नराणीवाल ट्रेडिंग कम्पनी,नन्दवाई | |
| 8. | मैसर्स सुराणा ट्रेडिंग कम्पनी,बेगूँ | |
| 9. | मैसर्स नाकोड़ा ट्रेडिंग कम्पनी, बेगूँ | |
| 10. | मैसर्स प्रेम ट्रेडिंग कम्पनी,बेगूँ | |
| 11. | मैसर्स जोगणिया ट्रेडिंग कम्पनी,धनोरा | |
| 12. | मैसर्स शीतलनाथ गृह उधोग,बेगूँ | |
| 13. | मैसर्स प्रकाशचंद्र भूरालाल जैन,धामंचा | |
| 14. | मैसर्स श्री सांवरिया ट्रेडिंग कम्पनी,मण्डावरी | |
| 15. | मैसर्स कैलाशचंद सोहनलाल सोडानी,बेगूँ | |
| 16. | मैसर्स कजौडीमल गौरीलाल जैन,चेची | |
| 17. | मैसर्स सन्मती ट्रेडर्स,बेगूँ | |
| 18. | श्री दिनेशकुमार चौधरी | |
| 19. | श्री संजयकुमार सुराणा | |
| 20 | मैसर्स रीतिका टेडर्स, बेगूँ | |

(द) अचल संपति आवंटन नीति के बिन्दु संख्या 7(1)(4) के तहत अपात्र आवेदकों की सूची निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | फर्म का नाम व पता | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | श्री लक्ष्मीनारायण गट्यानी, बेगूँ | आवेदक को मण्डी प्रागंण में पूर्व से फुटकर दुकान आवंटित होने से आवेदन अपात्र है। |
| 2 | श्री सुनीलकुमार पुत्र लांभचन्द जैन, बेगूँ | आवेदक के नाम मण्डी से अनुज्ञापत्र नही होने से आवेदन अपात्र है। |
| 3 | श्री दीपककुमार जैन पुत्र लांभचन्द जैन | आवेदक के नाम मण्डी से अनुज्ञापत्र नही होने से आवेदन अपात्र है। |
| 4 | श्री विष्णुकुमार चाष्टा पुत्र कैलाशचन्द्र चाष्टा, मेघपुरा | आवेदक के नाम मण्डी से अनुज्ञापत्र नही होने से आवेदन अपात्र है। |
| 5 | मैसर्स जैन ट्रेडिग कम्पनी, बेगूँ | इस फर्म को पूर्व में मण्डी प्रांगण में दुकान/गोदाम आंवटित होने से आवेदन अपात्र है। |
| 6 | श्री महावीर कुमार दक, बेगूँ | इस फर्म को पूर्व में मण्डी प्रांगण में दुकान/गोदाम आंवटित होने से आवेदन अपात्र है। |
| 7 | मैसर्स रोहित ट्रेडिग कम्पनी,चेची | फर्म के मालिक द्वारा आवेदन प्रस्तुत नही किये जाने कारण आवेदन अपात्र है। |
| 8 | मैसर्स आदिनाथ ट्रेडिग कम्पनी,चेची | फर्म के मालिक द्वारा आवेदन प्रस्तुत नही किये जाने कारण आवेदन अपात्र है। |
| 9 | मैसर्स चारभुजा ट्रेडिगं कम्पनी, बेगूँ | विज्ञप्ति जारी होने के समय फर्म के मालिक के द्वारा आवेदन नही कर अन्य व्यक्ति के द्वारा करने से आवेदन अपात्र है। |
| 10 | श्रीमती प्रेमा देवी शर्मा, पाछुन्दा | आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन में जमाबंन्दी विज्ञप्ति जारी होने के एक वर्ष पूर्व ही राजस्व रेकार्ड में भूमि दर्ज होने से नियमानुसार नही पाये जाने से आवेदन अपात्र है। |
| 11 | मैसर्स महादेव ट्रेडिंग कम्पनी,श्रीनगर | फर्म द्वारा किस प्रकार के भूखण्ड हेतु आवेदन किया है यह आवेदन फॉर्म में स्पष्ट नही होने से आवेदन अपात्र है। |
| 12 | मैसर्स यश ट्रेडिंग कम्पनी | |

उक्त वर्णित सूचियो में आवेदन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों में कोई तथ्य छिपाये जाने की स्थिति में संबंधित फर्म के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हूऐ आवंटित भूखण्ड निरस्त किया जा सकेगा। आवेदकों की प्रस्तुत सूची में वर्णित पात्र/अपात्र किये जाने के सबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, बेगूँ में दिनांक 24.01.2025 को सायं 04.00 बजे तक मय साक्ष्य एवं दस्तावेजों के साथ लिखित में प्रस्तुत करना होगा इसके पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा। मण्डी समिति के द्वारा अभिलेख अवलोकन/जांच उपरान्त आवंटन समिति द्वारा निस्तारण किया जावेगा, जो अंतिम होगा।

राज.संवाद/सी/24/10128 **सचिव**

---

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

**मंडल शस्त्रा विभाग, तृतीय तल, एलआईसी भवन, सब सिटी सेन्टर, रेती स्टैंड, उदयपुर, राजस्थान-313001, फोन नं.: 8840764553, ई-मेल: cs8328@pnb.co.in**

### अचल सम्पत्ति की विक्रय सूचना

**प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।**

सर्व-साधारण को और विशेष रूप से ऋणियों/जमानतदारों को विशेषत: यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक/प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का अधिग्रहण रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक रूप से **पंजाब नैशनल बैंक** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है''** को नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि, ऋणियों/जमानतदारों से **पंजाब नैशनल बैंक** प्रतिभूत लेनदार की बकाया ऋण राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, अग्रिम राशि ( धरोहर राशि ) संबंधित सम्पत्ति के आगे नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।

**सुरक्षित संपत्ति की अनुसूची**

| लोट नं. | शाखा कार्यालय / खाते का नाम / ऋणियों/जमानतियों का नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण ( बंधककर्ता का नाम ) | (ए) 13 ( 2 ) नोटिस की दिनांक / (बी) बकाया ऋण राशि दिनांक तक / (सी) कब्जा दिनांक / (डी) कब्जे का प्रतीक प्रतीकात्मक/भौतिक/रचनात्मक | (ए) आरक्षित मूल्य / (बी) धरोहर राशि / (सी) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी दिनांक व समय | प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात भार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शाखा हिरण मगरी, सेक्टर 4, उदयपुर<br>मैसर्स कुशल फर्टिलाईजर्स प्राईवेट लिमिटेड जरिये निदेशक श्री केशव राम डांगी पुत्र श्री चौखा राम, श्रीमती इन्द्रा डांगी पत्नी श्री केशव राम डांगी एवं श्री आकाश सोनी पुत्र श्री हीरा लाल सोनी<br>मैसर्स कुशल फर्टिलाईजर्स प्राईवेट लिमिटेड औद्योगिक भूमि खसरा नं. 1929/1108, राजस्व गाँव रठाणा, मावली जंक्शन, उदयपुर 313203<br>निदेशक एवं जमानतदार- ( 1 ) श्री केशव राम डांगी पुत्र श्री चौखा राम भूमि एवं भवन जो खसरा नं. 761, गाँव होली, पटवार सर्कल, बांसलिया, तहसील मावली, उदयपुर<br>( 2 ) श्रीमती इन्द्रा डांगी पत्नी श्री केशव राम डांगी भूमि एवं भवन जो खसरा नं. 761, गाँव होली, पटवार सर्कल, बांसलिया, तहसील मावली, उदयपुर-313203<br>( 3 ) श्री आकाश सोनी पुत्र श्री हीरा लाल सोनी 539, अम्बामाता स्कीम, अम्बामाता मंदिर के पिछे, उदयपुर-313001<br>जमानतदार- श्री देवेन्द्र भारती पुत्र श्री मुंशी भारती फ्लैट नं. 502, पांचवी मंजिल, जय श्री राम अपार्टमेन्ट, हिरण मगरी, सेक्टर 14, उदयपुर, राजस्थान- 313002 | मैसर्स कुशल फर्टिलाईजर्स प्राईवेट लिमिटेड के नाम औद्योगिक भूमि एवं भवन जो खसरा नं. 1929/1108, गाँव रठाणा, पटवार जोन नूरडा, तहसील मावली, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 5020 वर्ग मीटर है। सीमाएं- उत्तर: आराजी नं. 1967/1108 रास्ता, दक्षिण: आराजी नं. 1932/1108 श्रीमती दूर्गा बाई पत्नी श्री हरि राम गुर्जर एवं श्रीमती पप्पू बाई पत्नी श्री मनोहर लाल गुर्जर, पूर्व: आराजी नं. 1107 श्री नाना पुत्र श्री गणेश गुर्जर, पश्चिम: आराजी नं. 1108 श्री नाना पुत्र श्री गणेश गुर्जर<br>एवं प्लान्ट एवं मशीनरी<br>नीलामी संदर्भ संख्या: PUNBUH250138026 | ए ) 20.05.2022<br>बी ) रू. 1,24,32,935.37 दिनांक 31.12.2024 को बकाया + आगे का ब्याज<br>सी ) 01.09.2022<br>डी ) भौतिक कब्जा | ए ) रू. 1,99,48,455/-<br>बी ) रू. 19,94,845/-<br>सी ) रू. 50,000/- | 27.01.2025 सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं |

**शर्तें व निबन्धन-** बिक्री प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम 2002 में निम्नलिखित शर्तों और निबन्धनों के अधीन होगी। 1. सम्पत्ति को **''जो जहाँ है, जो जैसा है, और जो कुछ भी है''** के रूप में बेचा जाएगा। 2. इस अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्ति के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की प्राप्त पूर्ण जानकारी के अनुसार ही प्रतिभूत आस्तियों को उपर दिखाई गई तालिका के अनुसार बेचा जाएगा, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. उपरोक्त बिक्री https://baanknet.com की वेबसाइट पर उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक 27.01.2025 को सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक ई नीलामी के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की जाएगी। 4. विक्रय की विस्तृत जानकारी हेतु व निबन्धन और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com एवं www.pnbindia.in देखें।

दिनांक: 09.01.2025
स्थान: उदयपुर

हस्ता.
( शैलेन्द्र कुमार वर्मा ) प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक, सुरक्षित ऋणदाता

**सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8( 6 ) एवं 9( 1 ) के अधीन विक्रय की वैधानिक सूचना**